भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 5847
सोमवार, 30 मार्च, 2026/9 चैत्र, 1948 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ग्वालियर में केंद्रीय योजनाओं के अंतर्गत निधि का आवंटन

5847. श्री भारत सिंह कुशवाह:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2022-23 से आज की तिथि तक सरकार की विभिन्न केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत ग्वालियर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र को आवंटित की गई निधि का वर्ष-वार और योजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान उक्त निर्वाचन क्षेत्र में वास्तव में कितनी धनराशि का उपयोग किया गया है;

(ग) उक्त योजनाओं के अंतर्गत आवंटित निधि की तुलना में भौतिक एवं वित्तीय प्रगति धीमी होने के क्या कारण हैं; और

(घ) निधि का अधिकतम और समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से ग्वालियर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित देश भर में पर्यटन स्थलों पर अंतिम छोर तक संपर्कता और अन्य सुविधाओं सहित पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को संपूरित करता है। यह वित्तीय सहायता राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा संबंधित योजना दिशानिर्देशों और समय-समय पर जारी अन्य निर्देशों के अनुरूप विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) की प्रस्तुति, निधियों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन दी जाती है।

सरकार की विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के तहत ग्वालियर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र को वर्ष 2022-23 से लेकर अब तक आवंटित निधियों का वर्ष-वार और योजना-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री भारत सिंह कुशवाह द्वारा ग्वालियर में केंद्रीय योजनाओं के अंतर्गत निधि के आवंटन के संबंध में दिनांक 30.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 5847 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र.सं.	**राज्य**	**गंतव्य**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**	**प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	मध्य प्रदेश	ग्वालियर	फूलबाग अनुभव क्षेत्र	2023-24	16.74	1.67
2.	मध्य प्रदेश	दतिया	पीतांबरा पीठ दतिया का विकास	2025-26	44.24	4.42

*****